बरेली, रविवार
2 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4+4=24

दैनिक जागरण
inext

PAGE NO, 04,BOTTOM

**उपलब्धि** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का हो गया फाइनल

# ठेकेदार इलेवन को हरा एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी चैंपियन

### रोमांचक मुकाबले में ठेकेदार इलेवन को 30 रन से हराया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 March): श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल रोमांचक मुकाबला अपने घरेलू मैदान में जीतकर एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम टूर्नामेंट की चैंपियन बन गई. रोमांचक मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीम ने ठेकेदार इलेवन की टीम को 30 रन से हराया. विजेता टीम एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को चैंपियन ट्राफी के साथ एक लाख हजार रुपये और रनरअप ठेकेदार इलेवन की टीम को ट्राफी के साथ 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया.




संस्थान के चेयरमैन व अन्य लोगों के साथ चैंपियन टीम के प्लेयर्स.

### दो खिलाड़ी रन आउट हुए

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में सुबह वर्षा होने की वजह से शनिवार दोपहर टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया. इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन आठ ओवर में ही टीम के पांच खिलाड़ी 48 रनों पर पवेलियन लौट गए. ऐसे समय कप्तान अनंत भटनागर (48 रन, 32 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और अनंतवीर (84 रन, 43 गेंद, नौ चौके, दो छक्के) ने छठे विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी निभाकर टीम को संकट से उबारा. दोनों खिलाड़ियों जिसकी बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 211 रन बनाए. इसमें तुषार ने 16 रन और यश शुक्ला ने 21 रन बनाए. एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में 212 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी ठेकेदार इलेवन की टीम की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही. पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही गोल्डी मलिक ने सलामी बल्लेबाज सेहरावत को आउट कर ठेकेदार इलेवन के खेमे में सनसनी फैला दी. इसके बाद ठेकेदार इलेवन ने संभल कर खेलना जारी रखा और 14 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बना लिए. जीत की ओर बढ़ती ठेकेदार इलेवन को इसी ओवर में अनंतवीर ने सुशील यदुवंशी (64 रन, 40 गेंद, 6 चौके, 3 छक्के) को हितेश कैच करवाया और प्रवीन कुमार को (20 रन, 17 गेंद, एक चौका, एक छक्का) को भी बोल्ड कर दिया. इसके बाद रनों के बढ़ते दबाव में ठेकेदार इलेवन की टीम नौ विकेट पर 19.3 ओवर में 181 रन बनाकर आलआउट हो गई. एसआरएमएस ने 30 रन से टूर्नामेंट जीत लिया. एसआरएमएस के गेंदबाज गोल्डी मलिक ने चार ओवर में चार विकेट लिए, जबकि अनंतवीर ने दो और अभिषेक शर्मा ने एक को आउट किया.

### सत्यम मैन आफ द सीरीज

टूर्नामेंट में की चार पारियों में 222 रन बनाने वाले आइके कलेक्शन एसजी कैट के खिलाड़ी सत्यम संगू को मैन आफ द सीरीज चुना गया. उन्हें ट्राफी के साथ 5100 का नकद पुरस्कार मिला, जबकि फाइनल मैच में नाबाद 84 रन बनाने वाले मैन आफ द मैच बने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अनंतवीर को ट्राफी के 1100 रुपये का पुरस्कार दिया गया. सीडीओ जग प्रवेश, पीएनबी के एजीएम उमेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने विजेता और उप विजेता टीमों के साथ सभी खिलाड़ियों को ट्राफी और पुरस्कार राशि प्रदान की.